भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
26.07.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1059 का उत्तर

तंजावुर-मयिलादुथुरई-विल्लुपुरम रेल मार्ग का दोहरीकरण

1059. श्री एस. रामलिंगम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तंजावुर-मयिलादुथुरई-विल्लुपुरम रेल मार्ग के दोहरीकरण के लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत कर दी गई है और यदि हां, तो रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विलंब के क्या कारण हैं तथा इस परियोजना पर कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है;

(ख) दक्षिण रेलवे के त्रिची मंडल में विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को कब तक साधारण यात्री रेलगाड़ियों में परिवर्तित किया जाएगा और यात्रा प्रतिबंधों को हटाए जाने के बावजूद कोविड महामारी के दौरान रद्द की गई उक्त साधारण यात्री-रेलगाड़ियों को बहाल करने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या रेलवे के पास त्रिची रेल मंडल में कम दूरी की मौजूदा रेलगाड़ियों के स्थान पर वंदे मेट्रो रेलगाड़ियां चलाने का कोई प्रस्ताव है ताकि आवाजाही में तीव्रता लाई जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

तंजावुर-मयिलादुथुरई-विल्लुपुरम रेल मार्ग का दोहरीकरण के संबंध में दिनांक 26.07.2023 को लोक सभा में श्री एस. रामलिंगम के अतारांकित प्रश्न सं. 1059 के भाग (क) से (ग) के उत्तर के संबंध में विवरण।

(क): विल्लुपुरम-मयिलादुथुरई-तंजावुर (193 किमी) के दोहरीकरण के लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। फील्ड सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

(ख): कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से, भारतीय रेल ने 23 मार्च, 2020 से सभी नियमित यात्री गाडियों का संचालन बंद कर दिया था और केवल विशेष गाड़ी सेवाओं का परिचालन किया जा रहा था। नवंबर-2021 से मेल/एक्सप्रेस गाड़ी सेवाओं को संशोधित समय सारिणी और नियमित संख्या के अनुसार परिचालित किया जा रहा है। यात्री सेवा गाडियों को चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है।

(ग): वंदे भारत गाड़ियों सहित नई गाड़ियां चलाना भारतीय रेल पर सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य आदि के अध्यधीन है।

****